सप्तदश बिहार विधान सभा

अष्टम् सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-28.02.2023 के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री रामबली सिंह यादव, स०वि०स० श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, स०वि०स० श्री अमरजीत कुशवाहा, स०वि०स० श्री संदीप सौरभ, स०वि०स० श्री अनिरूद्ध कुमार, स०वि०स०	''बिहार तकनीकी सेवा आयोग के विज्ञापन संख्या-01/2019 में कनीय अभियंताओं के लिए 6379 पदों की बहाली निकाली गई थी, जिसमें 12-15 वर्षों से संविदा पर कार्यरत अभियंताओं को भी समायोजित करने की बात की गई थी । परीक्षा के उपरांत 2022 के पहले सप्ताह में परिणाम घोषित किया गया पर आंशिक संशोधन के नाम पर परीक्षाफल वापस ले लिया गया और आज तक परिणाम घोषित नहीं किया गया, जिस कारण उनमें काफी असंतोष है क्योंकि उनकी उम्र लगातार बढ़ रही है और शिक्षण कार्य से उनका लगाव कम हो रहा है । अत: संविदा पर कार्यरत अनुभवी अभियंताओं का समय रहते उनके सकारात्मक उपयोग और उन्हें मानसिक उत्पीड़न से बचाने के लिए शीघ्र संशोधित परीक्षाफल प्रकाशित कर उनका योगदान कराने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।''	सामान्य प्रशासन

2. श्री अरूण शंकर प्रसाद, स०वि०स० श्री हरीभूषण ठाकुर 'बचोल', स०वि०स० श्रीमती गायत्री देवी, स०वि०स०	''बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने राज्य के 5432 (यथा-समस्तीपुर जिला में 463, शेखपुरा में 11, बक्सर में 15, पटना में 324 इत्यादि) निजी स्वास्थ्य केन्द्रों को डिफाल्टर की सूची में शामिल किया है । इन सारे निजी स्वास्थ्य केन्द्रों का संचालन प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से बिना प्राधिकार एवं सहमति प्रमाण पत्र लिये हो रहा है, जिसके कारण इन्हें डिफाल्टर सूची में शामिल करते हुए बोर्ड द्वारा कई बार नोटिस देकर मंजूरी लेने का निर्देश दिया गया है, लेकिन उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा इसके प्रति उदासीनता बरती जा रही है । अत: ऐसे निजी स्वास्थ्य केन्द्रों जो प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के बगैर प्राधिकार व सहमति प्रमाण पत्र के चलाये जा रहे हैं, उनपर कार्रवाई हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।''	स्वास्थ्य

पवन कुमार पाण्डेय
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-01/2023- 476 / वि०स०, पटना, दिनांक-27 फरवरी, 2023 ई० ।

प्रति:- माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

27.2.23
(विमलेन्दु भूषण कुमार)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-01/2023- 476 / वि०स०, पटना, दिनांक-27 फरवरी, 2023 ई० ।

प्रति:- माननीय मुख्यमंत्री के आप्त सचिव / माननीय उप मुख्यमंत्री के आप्त सचिव एवं माननीय मंत्रिगण के आप्त सचिव को क्रमश: माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्रिगण एवं मंत्रिगण के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

27.2.23
(विमलेन्दु भूषण कुमार)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-01/2023- 476 / वि०स०, पटना, दिनांक- 27 फरवरी, 2023 ई० ।

प्रति:- मुख्य सचिव, बिहार / राज्यपाल के प्रधान सचिव, बिहार / कार्यकारी सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय / संसदीय कार्य विभाग / सामान्य प्रशासन विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

27.2.23

(विमलेन्दु भूषण कुमार)

उप सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-01/2023- 476 / वि०स०, पटना, दिनांक- 27 फरवरी, 2023 ई० ।

प्रति:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / माननीय उपाध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / प्रभारी सचिव के प्रधान आप्त सचिव को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

27.2.23

(विमलेन्दु भूषण कुमार)

उप सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।

27-2-23